# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

पत्रांक–डी०डी०–1–विविध–30/2023(पार्ट–II) पटना, दिनांक–.................

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता
सभी भवन प्रमंण्डल (संरचना प्रमण्डल सं०–1,2,3 को छोड़कर)
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

विषयः– छत वर्षा जल संचयन इकाई के निर्माण के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पूर्व में तीन हजार वर्गफीट से अधिक छत क्षेत्रफल वाले सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन इकाई का निर्माण कराया जा चुका है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में 3000 वर्गफीट से कम छत क्षेत्रफल वाले सरकारी भवनो में छत वर्षा जलसंचयन संरचना का निर्माण किया जाना है।

इस संबंध में निदेश दिया जाता है कि 3000 वर्गफीट से कम छत क्षेत्रफल वाले सरकारी भवनों में छत वर्षा जल संचयन का निर्माण हेतु भवनों की सूची एवं अनुमानित लागत का उल्लेख करते हुए जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्राथमिकता सूची अनुमोदन कराकर सम्यक प्रस्ताव अधीक्षण अभियंता के माध्यम से मुख्य अभियंता को शीघ्र भेजा जाए ताकि इस संबंध में आवश्यक कारवाई किया जा सके। विभाग से इस संबंध में निदेश प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जाएगा।

विश्वासभाजन

ह०/–
(राकेश कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक दिनांक–

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। सभी मुख्य अभियंता को निदेश है कि प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात समीक्षा कर समेकित रूप से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित किया जाय।

ह०/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5833 (नि) दिनांक– 20/7/23

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/7/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

18/7/23

DMC-02